आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.05.2025  समय : 1905

- केन्द्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज डिपो दर्पण, अन्न मित्र और अन्न सहायता एप्स का शुभारंभ किया।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के अंकों के पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन के संबंध में अधिसूचना जारी की है।
- प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- सातवां राज्य स्तरीय फुटबॉल लीग–कम–नॉकआउट टूर्नामेंट बाईस मई से शुरू।

<><><><><><><>

केन्द्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज नई दिल्ली में डिपो दर्पण, अन्न मित्र और अन्न सहायता एप्स का शुभारंभ किया। ये एप्स डिजिटल नवाचार के जरिए देश की खाद्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने संबंधी सरकार के उद्देश्य के अनुरूप हैं। श्री जोशी ने इस अवसर पर कहा कि ई–शासन के उपकरण के रूप में ये एप्स देश में कृषि बुनियादी ढांचे और जन वितरण प्रणाली को आधुनिक बनाने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि ये एप्स दक्षता, सेवा गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे और परिचालन कुशलता को बढ़ाने में सहायक होंगे। श्री जोशी ने कहा कि नवीनतम प्रौद्योगिकी के जरिए ये एप्स पारदर्शिता और जवाबदेही में भी सुविधा प्रदान करेंगे। उन्होंने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को हर लाभ प्रदान करने संबंधी सरकार की वचनबद्धता भी दोहराई।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय ने पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत किए जा सकते हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नामांकन में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें वर्णनात्मक रूप में एक उद्धरण भी शामिल होना चाहिए, जिसमें अपने–अपने क्षेत्रों में अनुशंसित लोगों की विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो।

पद्म पुरस्कार, अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में 'विशिष्ट कार्य' को मान्यता देते हुए कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे सभी विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया जाता है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के अंकों के पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन के लिए आवेदन करने के के संबंध में अधिसूचना जारी की है। जो छात्र अपने परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, वे अपने अंकों के पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन के लिए सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा बारहवीं के छात्र स्कैन की गई उत्तर पुस्तिका की प्रतियां कल से 27 मई, जबकि कक्षा 10वी के छात्र 27 मई से 02 जून की मध्यरात्रि तक प्रतियां प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अंकों का सत्यापन कक्षा 12वीं के लिए 28 मई से 3 जून तक और कक्षा 10वीं के लिए 3 से 7 जून की मध्यरात्रि तक रखा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मरीजों के लिए निशुल्क परिवहन का अनुरोध किया है। उप–राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में सांसद ने कहा कि अंतरद्वीपीय क्षेत्रों से जी बी पंत अस्पताल रेफर किए जाने वाले मरीजों को हेलीकॉप्टर या जहाज से ले जाया जाता है और परिवहन की लागत रोगी के परिवार द्वारा वहन की जाती है, जिससे उन पर काफी वित्तीय दबाव पड़ रहा है। द्वीपों की भौगोलिक चुनौतियों को देखते हुए सांसद ने उपराज्यपाल से इस संबंध में एक उचित योजना बनाने पर विचार करने का आग्रह किया है, जिसमें निःशुल्क या प्रतिपूर्ति योग्य अंतर–द्वीप चिकित्सा परिवहन हो। पत्र में सांसद ने यह भी सुझाव दिया कि नई योजना के अभाव में अंतर–द्वीप रेफरल के प्रावधानों को राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा जारी मौजूदा दिशा–निर्देशों में शामिल किया जा सकता है।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के हट बे में विभिन्न स्थानीय विभागों की भागीदारी से कल ब्लॉक स्तरीय ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लिटिल अंडमान के प्रमुख एस. परमनाथन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ब्लॉक विकास अधिकारी बेल्थेजर ने उपस्थिति का स्वागत किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के डॉ. शंकर साहा ने प्रतिभागियों को स्वच्छता और गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा किशोरियों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। आईसीडीएस की बी. अलबक्का ने कुपोषण के मुद्दों और बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिनों के दौरान उचित पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। पुलिस विभाग की सीमा भौमिक ने बाल शोषण, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और इसके रोकथाम के लिए कानून पर जानकारी दी और कृषि विभाग की श्रीदेवी ने पोषण उद्यान की अवधारणा, जैविक खाद, संकर बीजों के उपयोग को बढ़ावा दिया। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठन कार्यकारी समिति के सदस्यों सहित स्थानीय ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का पहला चरण कल से डाइट, गाराचरमा, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मोहनपुरा और मॉडल स्कूल में शुरू हुआ। इसमें कुल 294 प्रतिभागी कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के कौशल और ज्ञान को बढ़ाना है, जिसमें प्रारंभिक शिक्षा और शिक्षक विकास पर जोर दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में आधारभूत शिक्षण रणनीतियों को मजबूत करके, आधुनिक शैक्षणिक दृष्टिकोणों के साथ शिक्षकों को सशक्त बनाने का प्रयास करना है। शिक्षा विभाग ने छह चरणों में प्रशिक्षण की योजना बनाई है, जिसमें गर्मी की छुट्टियों के दौरान लगभग 1,466 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को शामिल किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी और प्रदेश सचिव डॉ. आर देव दास ने मुख्य सचिव से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने मुख्य सचिव को मत्स्य पालन क्षेत्र के सामने आने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया। इसके अलावा मत्स्य पालन मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि के लिए बिजली और डीजल के लिए विस्तारित सब्सिडी योजना को, द्वीपसमूह में कृषि क्षेत्र के लिए विस्तारित

सब्सिडी के समान लागू करने का अनुरोध किया। मुख्य सचिव ने विभाग को तुरंत मामले को उठाने और बिजली और ईंधन पर सब्सिडी के माध्यम से लाभ बढ़ाने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से अंडर–17 लड़कों के लिए सातवें राज्य स्तरीय फुटबॉल लीग–कम–नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट नेताजी स्टेडियम और जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के फुटबॉल मैदान में बाईस से छब्बीस मई तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में कुल 144 लड़के और 9 शैक्षिक अंचलों के 18 अधिकारी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर सर्किट कोर्ट की बैठक नौ जून से तेईस जून तक आयोजित की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता और न्यायमूर्ति बिवास पटनायक मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहा जलयान एम वी कैम्पबेल बे के कल शाम छः बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जलयान में दो सौ से अधिक यात्री सवार है। जलयान हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>